Chapterwise Question Bank
with 100% Explanations

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSSB)

दक्ष®

Junior Accountant

2550+ Questions

No.1

Basics of COMPUTER

इस पुस्तक से सम्बन्धित किसी मार्गदर्शन/शंका समाधान व 'Junior Accountant : Basics of Computer' का ऑनलाइन टेस्ट देने एवं कंटेंट प्राप्त करने हेतु 9783824602 पर WhatsApp Message करें।

- विगत वर्षों की प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्नों का समावेश
- 3 मॉडल पेपर्स सम्पूर्ण हल सहित

लेखिका
मनीषा यादव
विशेषज्ञ : कम्प्यूटर

मार्गदर्शक
धर्मेन्द्र कुमार यादव
विशेषज्ञ : कम्प्यूटर

मार्गदर्शक
प्रेम सिंह राजपुरोहित
R.E.S.

दक्ष प्रकाशन
(A Unit of College Book Centre)

प्रकाशक :
परितोष वर्धन जैन
कॉलेज बुक सेन्टर
- A-19, सेठी कॉलोनी, जयपुर-302 004

SYLLABUS

Basics of Computer

- **Introduction to Computer & Windows :** Input/output Devices, Memory, PORTs, Windows Explorer Menu, Managing Files & Folders, Setup & Accessories, Formatting, Creating CD/DVD.
- **Word Processing & Presentations :** Menu Bars, Managing Documents & Presentations, Text Formatting, Table Manipulations, Slide Designs, Animations, Page Layout, Printing.
- **Spread Sheets :** Excel Menu Bar, Entering Data, Basic Formula & Inbuilt Functions, Cell & Text Formatting, Navigating, Charts, Page Setup, Printing, Spread Sheets for Accounting.
- **Working with Internet and e-mails :** Web Browsing & Searching, Downloading & Uploading, Managing an E-mail Account, e-Banking.

Junior Accountant के कम्प्यूटर विषय की तैयारी के लिए Test Series हेतु Mobile App Download करने के लिए Google Play Store में Type करें "computerwalamaster" अथवा QR Code को Scan करके भी Mobile App Download कर सकते हैं।

इस पुस्तक के प्रश्नों का हल Youtube पर पाने हेतु QR Code Scan करें।
YouTube
Scan QR Code
Computerwala Master Channel

निःशुल्क Test Series हेतु QR Code Scan करें।
Scan QR Code
Computerwalamaster App

लेजर टाईपसैटिंग :
पूजा एण्टरप्राईजेज़
जयपुर

मुद्रक :
के.डी. प्रिन्टर्स
जयपुर।

Code No.: D-700

- प्रकाशक की अनुमति के बिना इस पुस्तक के किसी भी अंश का किसी भी प्रणाली के सहारे पुन:उत्पत्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीकी तरीके (इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फॉटोकॉपी, रिकॉर्डिंग, डिजिटल, वेब) के माध्यम से अथवा इस पुस्तक का नाम, टाईटल, चित्र, रेखाचित्र, नक्शे, डिजाईन, कवर डिजाईन, सैटिंग, शिक्षण-सामग्री, विषय-वस्तु, पूर्ण या आंशिक रूप से किसी भी भाषा में हूबहू या तोड़-मरोड़ कर या अदल-बदल कर प्रकाशन या वितरण नहीं किया जा सकता है। इस पुस्तक के प्रतिलिप्याधिकार प्रकाशक के पास सुरक्षित हैं।
- पुस्तक का कम्पोजिंग कार्य कम्प्यूटर द्वारा कराया गया है। पुस्तक के लेखन व प्रकाशन कार्य में लेखक, प्रूफ रीडर, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरतने के बावजूद भी अधूरी या पुरानी जानकारी का होना/कुछ ग़लतियों/कमियों का रह जाना मानवीय भूलवंश सम्भव है, जिसके लिए पुस्तक प्रकाशन से जुड़े मुद्रक, लेखक एवं प्रकाशक उत्तरदायी नहीं होंगे। पाठकों के सुझाव सादर आमंत्रित हैं।
- सभी विवादों का न्यायक्षेत्र जयपुर (राज.) होगा।

अनुक्रमणिका

अध्याय नं. अध्याय/विषय का नाम .... पृष्ठ संख्या

❖ कनिष्ठ लेखाकार संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा कम्प्यूटर के मूल सिद्धांत 4 दिसम्बर, 2016 ....P-1—P-4

❖ कनिष्ठ लेखाकार संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा कम्प्यूटर के मूल सिद्धांत 2 अगस्त, 2015......P-5—P-8

❖ कनिष्ठ लेखाकार संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा कम्प्यूटर के मूल सिद्धांत 3 जनवरी, 2011 ...P-9—P-12

UNIT-'I'

[Introduction to Computer & Windows : Input/output Devices, Memory, PORTs, Windows Explorer Menu, Managing Files & Folders, Setup & Accessories, Formatting, Creating CD/DVD.] 1-75

1 कम्प्यूटर का परिचय [Introduction of Computer]........ 1

2 इनपुट एवं आउटपुट डिवाइसेज [Input and Output Devices]........ 20

3 ऑपरेटिंग सिस्टम का परिचय [Introduction to Operating System] 38

4 मेमोरी [Memory]........ 62

UNIT-'II'

[Word Processing & Presentations : Menu Bars, Managing Documents & Presentations, Text Formatting, Table Manipulations, Slide Designs, Animations, Page Layout, Printing.] 76-112

1 वर्ड प्रोसेसिंग (एम.एस. वर्ड) [Word Processing (M.S. Word)]........ 76

2 प्रजेन्टेशन सॉफ्टवेयर (एम.एस.पॉवर पाइन्ट)
[Presentation Software (MS Power Point)]........ 100

UNIT-'III'

[Spread Sheets : Excel Menu Bar, Entering Data, Basic Formula & Presentations, Text Formatting, Navigating, Charts, Page Setup, Printing, Spread Sheets for Accounting] 113-134

1 स्प्रेडशीट सॉफ्टवेयर (एम.एस. एक्सेल) 113
[Spread Sheet Software (MS-Excel)]........ 113

UNIT-'IV'

[Working with Internet and e-mail : Web Browsing & Searching, Downloading & Uploading, Managing an E-mail Account, e-Banking] 135-154

1 वर्किंग विथ इंटरनेट एवं ई-मेल
[Working with Internet and E-mails]........ 135

कम्प्यूटर से सम्बन्धित फुलफार्म
[Computer Related Full Form]........ 155–157

मॉडल पेपर [Jr. Acct. : Basics of Computer • 1-3]........ M-1–M-3

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित

EXAM DATE : 04-12-2016

लेखाकार/कनिष्ठ लेखाकार भर्ती परीक्षा 2013 [Re-exam]

सॉल्वड पेपर

वर्ष 2013 में विज्ञप्ति जारी हुई तथा वर्ष 2015 में परीक्षा हुई लेकिन रद्द होने की वजह से यह परीक्षा 4 दिसम्बर 2016 को आयोजित हुई।

126. MS-Word के संदर्भ में समान सामग्री (कंटेंट) का एक पत्र 100 प्राप्तकर्ताओं को भेजा जाना है। यदि प्रत्येक प्राप्तकर्ता का पता पत्र में जोड़ा जाना है तो हम प्रयोग करेंगे—

(A) एम्बेडिंग (B) मेल-मर्ज
(C) लेटर कोड (D) हायपर लिंक **[B]**

व्याख्या—MS-Word एक वर्ड प्रोसेसिंग प्रकार का Application Software है। MS-Word के Mailing Tab में Mail Merge का option होता है। मेल मर्ज एम.एस. वर्ड की एक महत्वपूर्ण सुविधा है जिसके माध्यम से एक ही पत्र को अनेक व्यक्तियों को भेज सकते हैं। मेल मर्ज MS Word का ऐसा फीचर है जिसके द्वारा समान पत्र या **एक ही प्रकार की सूचना कई व्यक्तियों** या अलग-अलग (प्राप्तकर्ताओं) को भेजी जा सकती है। जैसे—नोटिस, निमंत्रण पत्र आदि।

Master Document—वह डॉक्यूमेंट जिसमें समान कन्टेट या सूचना होती है। इसे मैन डॉक्यूमेंट भी कहते हैं।
जैसे—निमन्त्रण पत्र का कॉमन भाग।

Source Document—इस डॉक्यूमेंट में सूचना या पत्र प्राप्त करने वाले व्यक्तियों का नाम और पता होता है।

127. जी.यू.आई. (GUI) का पूरा नाम है—

(A) ग्राफ यूज इन्टरफेस
(B) ग्राफिकल यूनिवर्सल इन्टरफेस
(C) ग्राफिकल यूजर इन्टरफेस
(D) ग्राफिकल यूनिक इन्टरफेस **[C]**

व्याख्या—GUI का पूर्ण रूप **Graphical User Interface** है। **GUI** पद्धति **यूजर फ्रेण्डली** है क्योंकि GUI ऑब्जेक्ट जैसे—ग्राफिकल रिप्रजेन्टेशन, Icon, Cursor, Toolbar एवं बटन आदि का प्रयोग करके यूजर बिना कमाण्डस को जाने कम्प्यूटर का use आसानी से कर सकता है। Input device माउस GUI पर आधारित है।

128. एम.एस.वर्ड-2010 में वाटरमार्क ऑप्शन .... में मिलता है—

(A) इनसर्ट टैब → इलस्ट्रेशन ग्रुप
(B) इनसर्ट टैब → लिंक ग्रुप
(C) पेज ले-आउट टैब → पेज बैकग्राउण्ड ग्रप
(D) पेज ले-आउट टैब → थीम्स ग्रुप **[C]**

व्याख्या—आपके डॉक्यूमेंट के पेज में text या content के पीछे अर्थात् पेज के background में धुँधला एवं आभासी प्रतीत होने वाले टेक्स्ट या इमेज वाटरमार्क कहलाता है।
जैसे—Watermark के रूप में विभिन्न कोचिंग संस्थान नोटस के पूरे Page के बैक ग्राउण्ड में संस्थान या फीचर का नाम डालते हैं ताकि कोई Copy ना कर सके।
Water Mark का पाथ—
Page Layout > Page Page Background group

129. एम.एस. एक्सेल में आप एक 'सेल' सक्रिय कर सकते हैं—

(A) टैब कुंजी दबा कर (B) सेल को क्लिक कर
(C) ऐरो कुंजी दबा कर (D) ये सभी **[D]**

व्याख्या—**MS Excel** में रॉ व कॉलम का प्रतिच्छेदन (Intersection) बिन्दु को सेल कहा जाता है। अर्थात् **Row व Column का संगम सेल** कहलाता है।
सेल (Cell) **वर्कशीट की सबसे छोटी इकाई** है जहाँ डाटा एन्टर किया जा सकता है।
सेल को **एक्सेल प्रोग्राम का मूल तत्व** (Basic Building Block) कहा जाता है, क्योंकि एक्सेल स्प्रेडशीट की सारी गणना सेल में ही की जाती है। Excel में किसी सेल को Tab Key को press करके या arrow key को या सेल पर click करके active किया जा सकता है।

130. एम.एस. पॉवरपॉइण्ट में ऑप्शन .... के प्रयोग से एक पेज पर बहु-स्लाइड्स प्रिण्ट की जाती हैं—

(A) स्लाइड्स (B) नोट्स पेजेज
(C) हैण्ड आऊट्स (D) आउटलाइन **[C]**

व्याख्या—हैंडआउट किसी भी **प्रेजेन्टेशन** की हार्ड कॉपी या **प्रिन्टेड कॉपी** (Printed Copy) होता है। जो ऑडियंस को प्रेजेन्टेशन से ठीक पहले या प्रेजेन्टेशन के दौरान या बाद में दिया जाता है ताकि जो प्रेजेन्टेशन दिया गया है, ऑडियंस उसको आसानी से समझ सके। एक हैण्डआउट को **ऑडियन्स हैण्ड आउट** भी कहा जाता है। एक हैण्डआउट में स्लाइड का कंटेंट, स्पीकर का नाम, प्रेजेन्टेशन का उद्देश्य, प्रेजेन्टेशन की दिनांक, ऑर्गेनाइजेशन की डिटेल्स आदि हो सकते हैं।

131. जब नया एम.एस. पॉवरपॉइण्ट प्रेजेंटेशन खोला जाता है तो लेफ्ट पैनल पर उपलब्ध टैब होते हैं—

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित

EXAM DATE : 02-08-15

लेखाकार/कनिष्ठ लेखाकार भर्ती परीक्षा 2013

सॉल्वड पेपर

वर्ष 2013 में विज्ञप्ति जारी हुई तथा वर्ष 2015 में परीक्षा हुई लेकिन यह पेपर रद्द हो गया।

126. निम्न में से कौन सा एम.एस. वर्ड में फॉन्ट स्टाइल नहीं है—

(A) Bold (B) Superscript
(C) Regular (D) Italics **[B]**

व्याख्या—MS-Word में फॉन्ट स्टाइल बोल्ड, इटालिक, रेगुलर होती है जो फार्मेटिंग टूलबार में स्थित होती है।

नोट:—MS Word में **By default फॉन्ट स्टाइल रेगुलर (Regular)** होती है।

Bold—चुने हुए शब्दों को गहरा करना। जैसे—**daksh**

Bold हेतु शॉर्टकट **Ctrl + B** होती है।

Italic—शब्दों का तिरछा लिखना। जैसे—*daksh*

इटालिक हेतु शॉर्टकट **Ctrl + I** होती है।

Underline—शब्दों के नीचे लाइन जैसे—daksh

Underline हेतु शॉर्टकट **Ctrl + U** होती है।

नोट:—Subscript द्वारा अक्षरों के आधार में अन्य अक्षर लिखे

OnVohक्& Ogo- H_2SO_4

127. निम्न में से कौन सा ई-मेल का स्पेशल प्रोटोकॉल है—

(A) SMTP (B) FTP
(C) TCP/IP (D) HTTP **[A]**

व्याख्या—E-mail भेजने हेतु अर्थात् ई-मेल सर्वर में SMTP (सिंपल मेल ट्रांसफर प्रोटोकॉल) प्रयुक्त होता है।

Email (Electronic Mail) से सम्बन्ध रखने वाले Protocol निम्नानुसार हैं—

SMTP—SMTP प्रोटोकॉल का पूर्ण रूप Simple Mail Transfer Protocol होता है। यह TCP/IP आधारित Application Layer Protocol है।

POP3—POP का पूर्ण रूप Post Office Protocol होता है। यह एक स्टैण्डर्ड प्रोटोकॉल है जिसका उपयोग TCP/IP कनेक्शन पर रिमोट मेल सर्वर से E-mail प्राप्त करने के लिए लोकल ई-मेल सॉफ्टवेयर क्लाइन्ट द्वारा दिया जाता है।

नोट—POP3 का इस्तेमाल SMTP के साथ या उसके बिना भी किया जा सकता है।

128. कंप्यूटर को बूट करने के लिए क्या जरूरी है—

(A) डी.बी.एम.एस. (B) मोडेम
(C) ऑपरेटिंग सिस्टम (D) एम.एस. ऑफिस **[C]**

व्याख्या—OS (Operating System) एक सिस्टम सॉफ्टवेयर है, जो कम्प्यूटर सिस्टम के समस्त कार्यों को संचालित एवं नियंत्रित (Operate & Control) करता है।

ऑपरेटिंग सिस्टम कम्प्यूटर के लिए एक अति आवश्यक एवं मूलभूत सॉफ्टवेयर है अर्थात् एक कम्प्यूटर किसी कार्य को करने हेतु स्टार्ट (Start) भी तभी होगा, जब उसमें ऑपरेटिंग सिस्टम होगा अर्थात् एक कम्प्यूटर में बूटिंग प्रोसेस तभी शुरू होगी जब उसमें ऑपरेटिंग सिस्टम होगा।

129. निम्न में से कौन सा फॉर्मूला एक्सेल के लिए गलत तरीके से लिखा गया है—

(A) = 97 + 45 (B) = C8 × B1
(C) 97 + 45 (D) = C9 + 16 **[C]**

व्याख्या—M.S. Excel में प्रत्येक Formula की शुरुआत = के चिह्न के साथ होती है अतः 97+ 45 गलत तरीके से प्रविष्ठ है।

130. जो सुविधा के लिए एक स्लाइड से बाहर निकालता है और एक अन्य में प्रवेश करता है, के बीच में गति प्रभाव लागू करने के लिए प्रयोग किया जाता है—

(A) स्लाइड डिजाइन (B) स्लाइड ट्रांजिशन्स
(C) एनीमेशन्स ओब्जेक्ट्स (D) एनोमेशन्स स्कीम **[B]**

व्याख्या—MS-Power Point प्रेजेन्टेशन में जब एक से अधिक स्लाइड होती है तो उनमें एक विशेष प्रभाव (Effect) डाल दिया जाता है जो यह बताता है कि एक **स्लाइड खत्म** हो रही है और **नयी स्लाइड** आ रही है तथा स्लाइड को किस तरह से प्रस्तुत करना है, यह प्रभाव ही ट्रांजिशन इफेक्ट कहलाता है। इसके द्वारा स्लाइड की स्पीड, साउंड आदि भी सेट किये जा सकते हैं।

ट्रांजिशन प्रभाव (Transitions Effect) किसी स्लाइड में गति प्रभाव (Motion Effect) लागू करता है। यह Transition Tab में उपलब्ध रहता है।

नोट:—एक स्लाइड पर एक ही ट्रांजिशन प्रभाव लागू होता है।

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित

EXAM DATE : 03-01-2011

लेखाकार/कनिष्ठ लेखाकार भर्ती परीक्षा 2011

सॉल्वड पेपर

126. एक्सेल में ए 1 से ए 8 सेल तक दर्ज संख्याओं का कुल योग ज्ञात करने का सूत्र है—

(A) =sum(A1:A8) (B) =sum(A1+A8)

(C) =sum(A1,A8) (D) उपरोक्त में से कोई नहीं **[A]**

व्याख्या—M.S. Excel का प्रयोग सांख्यिकी गणना (Statistical calculation) का कार्य करने हेतु होता है।

एक्सेल में कोई formula enter का प्रारूप—

= formula का नाम (वह डाटा जिस पर गणना करनी है)

Excel में cell A1 से A8 Cell तक की Cell का योग—

= Sum(A1:A8)

Sum function का प्रयोग U योग करने हेतु होता है।

127. एम.एस.एक्सेल में बनाई गई फाइल का फाइल एक्सटेंशन होता है—

(A) .doc (B) .exe

(C) .exel (D) .xls **[D]**

व्याख्या—File का extension file का प्रकार बताने हेतु होता है। Microsoft एक्सेल की फाईल का एक्स्टेंशन .xls एवं .xlsx होता है तथा MS Word, Ms Power Point तथा MS Paint फाइल का एक्सटेंशन क्रमशः .docx, .pptx तथा .JPG होता है।

नोटः—MS Excel की टेम्पलेट फाइल का एक्सटेंशन .xlts होता है।

128. RAM को कहते हैं—

(A) रीड एक्सेस मेमोरी (B) रीड ऑफ्टर मेमोरी

(C) रेन्डम एक्सेस मेमोरी (D) रेन्डम ऑफ्टर मेमोरी **[C]**

व्याख्या—**RAM** में रखा **Data या Content पॉवर सप्लाई बंद होते ही नष्ट** हो जाता है इसलिए इसे **नाशवान मेमोरी** कहते हैं। RAM में डाटा सेव रखना है तो पॉवर सप्लाई लगातार रहनी चाहिए। जब यूजर किसी एप्लीकेशन पर कार्य करता है तो उस समय अस्थाई रूप से उस एप्लीकेशन का डाटा RAM में प्रोसेसिंग के लिए स्टोर रहता है।

RAM को **Random Access Memory** कहा जाता है।

129. सामान्यतः इन्टरनेट में आई.पी. एड्रेस का साइज होता है—

(A) 24 बिट (B) 64 बिट

(C) 32 बिट (D) 16 बिट **[C]**

व्याख्या—IP का पूर्ण रूप Internet Protocol होता है। IP एड्रेस का प्रयोग करके विभिन्न वेबसाइटस एवं devices को identify किया जाता है। इन्टरनेट प्रोटोकॉल एड्रेस गणितीय अंकों के रूप में होता है, एवं स्मार्टफोन या कम्प्यूटर प्रत्येक डिवाइस हेतु अलग-अलग होता है।

एक IP address (आईपी एड्रेस) किसी भी नेटवर्क डिवाइस को एक **विशिष्ट पहचान** (Unique Identity) प्रदान करता है।

आई पी एड्रेस के माध्यम से ही नेटवर्क में डिवाइस को अलग-अलग किया जाता है।

IP Address का उदाहरण- **172.16.254.1**

IP Addresss निम्न फॉर्मेट में होते हैं-**IPv4, IPv6**

IPv4 32 बिट एड्रेस का use करता है।

130. WWW को कहते हैं—

(A) World Wide Web (B) World With Web

(C) Web Wide World (D) Web With World **[A]**

व्याख्या—वर्ल्ड वाइड वेब पर उपलब्ध सभी वेबसाइट के प्रत्येक पेज को **Web Page (वेब पेज)** कहा जाता है।



UNIT-'I'

[Introduction to Computer & Windows : Input/output Devices, Memory, PORTs, Windows Explorer Menu, Managing Files & Folders, Setup & Accessories, Formatting, Creating CD/DVD.]

1 कम्प्यूटर का परिचय [Introduction of Computer]

Jr. Acct. & TRA परीक्षा में 'कम्प्यूटर का परिचय' पर पूछे गये प्रश्नोत्तर

1. USB पोर्ट का तात्पर्य है— [Jr. Acct. TRA-2016]

(A) यूनाइटेड सीरियल बस पोर्ट
(B) यूनिवर्सल सीरियल बस पोर्ट
(C) यूनिवर्सल सिक्वेंशियल बस पोर्ट
(D) यूनिवर्सल सीरियल BIOS पोर्ट **[B]**

व्याख्या—कम्प्यूटर सिस्टम में इन्टरनल (Internal) रूप से ना जुड़कर **बाहर से जुड़े हुए** उपकरण Peripheral (परिधीय) उपकरण कहलाते हैं। कम्प्यूटर एवं पेरिफेरल उपकरणों के मध्य संवाद (Communication) हेतु USB **(Universal Serial Bus)** का प्रयोग किया जाता है। Input एवं Output Device भी USB के माध्यम से कम्प्यूटर से जुड़ते हैं।

2. चिप्स को बनाने के लिए निम्न में से क्या काम में लिया जाता है— [Jr. Acct. TRA-2015]

(A) कंट्रोल बस (B) सेमीकंडक्टर
(C) कंट्रोल यूनिट (D) पेरिटी यूनिट **[B]**

व्याख्या—कम्प्यूटर की Third Generation 1964 से 1975 के मध्य विकसित हुई।
इस पीढ़ी का Main Component **IC** था जिसका पूर्ण रूप **Integrated Circuit** (एकीकृत परिपथ) होता है। IC एक ऐसी चिप या माइक्रोचिप है, जोकि Semiconductor **Silicone** से बनी होती है एवं इस चिप पर कई सारे Electronic Component जैसे— Transistor, Diode, Register आदि जुड़े होते हैं।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में 'कम्प्यूटर का परिचय' पर पूछे गये प्रश्नोत्तर

1. कम्प्यूटर शब्द जिसका अर्थ संगणक है, किस भाषा से बना है? [दिल्ली पुलिस हैड कांस्टेबल परीक्षा]

(A) फ्रांसीसी (B) लैटिन (C) उर्दू (D) संस्कृत **[B]**

2. कम्प्यूटर शब्द की उत्पत्ति किस शब्द से हुई है?

(A) अंग्रेजी भाषा के Compute से
(B) लैटिन भाषा के Computare से
(C) अंग्रेजी भाषा के Compare से
(D) A व B दोनों **[D]**

व्याख्या (1-2)—कम्प्यूटर (Computer) शब्द **लैटिन भाषा के Computare** एवं **अंग्रेजी भाषा के Compute** शब्द से बना है। सामान्यतया दोनों शब्दों का सम्बन्ध गणना करने से है।

3. कम्प्यूटर को हिन्दी में क्या कहा जाता है?

(A) संगणक (B) परिकलक
(C) अभिकलित्र (D) उपरोक्त सभी **[D]**

व्याख्या—कम्प्यूटर (Computer) तीव्र रूप से गणनाएँ करने वाली स्वचालित इलेक्ट्रॉनिक मशीन है, जिसे हिन्दी में **संगणक** या **परिकलक** अथवा **अभिकलित्र** कहा जाता है, इन सभी नामों का सम्बन्ध गणना से है।

4. विश्व कम्प्यूटर साक्षरता दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है? [राज. जेल प्रहरी 27.10.2018], [दिल्ली पुलिस कांस्टेबल परीक्षा]

(A) 2 दिसम्बर (B) 5 जुलाई
(C) 15 नवम्बर (D) 2 नवम्बर **[A]**

व्याख्या—विश्व कम्प्यूटर साक्षरता दिवस प्रत्येक वर्ष **2 दिसम्बर** को मनाया जाता है। यह दिवस डिजिटल साक्षरता एवं कम्प्यूटर कौशल को बढ़ावा देने हेतु मनाया जाता है। विश्व कम्प्यूटर साक्षरता दिवस पहली बार 2 दिसम्बर, 2001 को मनाया गया। इस दिन की शुरूआत मूल रूप से भारतीय कम्प्यूटर कम्पनी NIIT (National Institute of Information Technology) द्वारा 2001 में की गई।

5. कम्प्यूटर निम्न में से कौनसी भाषा समझता है?

(A) मशीनी भाषा (B) बाइनरी भाषा
(C) (A) & (B) दोनों (D) उपरोक्त में से कोई नहीं **[C]**

6. कौनसी भाषा कम्प्यूटर के द्वारा बिना अनुवाद किए समझी जाती है? [राज. पटवार प्री. परीक्षा 2015]

(A) मशीनी (B) असेम्बली
(C) हाईलेवल (D) उपर्युक्त सभी **[A]**

व्याख्या (5-6)—कम्प्यूटर एक स्वचालित इलेक्ट्रॉनिक मशीन है, जो मानवीय भाषा को नहीं समझता है। कम्प्यूटर को निर्देश देने हेतु मशीनी भाषा प्रयुक्त होती है।
मशीनी भाषा (Machine Language) कम्प्यूटर की आधारभूत भाषा होती है, जिसे कम्प्यूटर सीधे-सीधे अर्थात् बिना किसी अनुवाद के समझ लेता है। मशीनी भाषा ही बाइनरी भाषा है क्योंकि यह **बाइनरी कोड 0** एवं **1** में लिखी जाती है।

7. विश्व के पहले गणक यन्त्र की खोज चीन में हुई, जिसका नाम है—

(A) मार्क-I (B) अबेकस
(C) यूनिवैक (D) डिफरेंस इंजन **[B]**

8. बेबीलोन में विकसित हुए गणक यंत्र अबेकस को जापान में क्या कहा जाता है?

(A) एबेकस (B) सारोबान
(C) कैलकुलेटर (D) उपरोक्त में से कोई नहीं **[B]**

व्याख्या (7-8)—दुनिया में **गणना** हेतु प्रयुक्त **सबसे पहला यंत्र**

4 मेमोरी [Memory]

Jr. Acct. & TRA परीक्षा में 'मेमोरी' पर पूछे गये प्रश्नोत्तर

1. कम्प्यूटर के संदर्भ में, DVD का तात्पर्य है—
(A) डिजिटल वर्टिकल डिस्क [Jr. Acct. TRA-2016]
(B) डिजिटल वीडियो ड्राइवर
(C) डिजिटल वर्सेटाइल डिस्क
(D) डिजिटल वोल्यूम डिवाइस **[C]**

व्याख्या—**DVD वृत्ताकार आकार** वाली एक ऑप्टिकल स्टोरेज ही है जिसका पूरा नाम **Digital Versatile Disc/Digital Video Disc** होता है।
इसका **व्यास 4.7 इंच** एवं **स्टोरेज क्षमता 4.7 GB से 17 GB** होती है।

2. 1 गीगाबाइट = ... मेगाबाइट = ... किलोबाइट—
(A) 1024, 1024 × 1024 [Jr. Acct. TRA-2016]
(B) 1024 × 1024, 1024
(C) 512, 1024
(D) 1024, 512 **[A]**

व्याख्या— 1 GB = 1024 MB
= 1024 × 1024 KB
[1 MB = 1024 KB]

3. RAM को कहते हैं— [Jr. Acct. TRA-2015]
(A) रीड एक्सेस मेमोरी (B) रीड ऑफ्टर मेमोरी
(C) रेन्डम एक्सेस मेमोरी (D) रेन्डम ऑफ्टर मेमोरी **[C]**

व्याख्या—**RAM** में रखा **Data या Content पॉवर सप्लाई बंद होते ही नष्ट** हो जाता है इसलिए इसे **नाशवान मेमोरी** कहते हैं। RAM में डाटा सेव रखना है तो पॉवर सप्लाई लगातार रहनी चाहिए। जब यूजर किसी एप्लीकेशन पर कार्य करता है तो उस समय अस्थाई रूप से उस एप्लीकेशन का डाटा RAM में प्रोसेसिंग के लिए स्टोर रहता है।
RAM को **Random Access Memory** कहा जाता है।

4. डी.वी.डी. किसका प्रकार है? [Jr. Acct. TRA-2015]
(A) नॉन वोलेटाइल स्टोरेज (B) मेग्नेटिक स्टोरेज
(C) सेमीकन्डक्टर स्टोरेज (D) वोलेटाइल स्टोरेज **[A]**

व्याख्या—**DVD वृत्ताकार आकार** वाली एक ऑप्टिकल स्टोरेज ही है जिसका पूरा नाम **Digital Versatible Disc/Digital Video Disc** होता है।
इसका **व्यास 4.7 इंच** एवं **स्टोरेज क्षमता 4.7 GB से 17 GB** होती है।

5. निम्न में से कौन-सी sequential device हैं? [Jr. Acct. TRA-2015]
(A) मेग्नेटिक डिस्क (B) ऑपटिकल डिस्क
(C) मेग्नेटिक टेप (D) उपरोक्त सभी **[C]**

व्याख्या—सैकेण्डरी स्टोरेज में स्टोर डाटा को पढ़ने हेतु 2 Method प्रयुक्त होते हैं।
Sequential Access (सिक्वेंशियल एक्सेस)—इसमें **डाटा क्रमिक** रूप से पढ़ा जाता है जैसे आपको 5 वें नम्बर पर स्टोर डाटा को पढ़ना है तो इससे पहले 1 से 4 को पढ़ना होगा इसलिए इसमें **डाटा को शीघ्रता** से **नहीं पढ़ा** जा सकता।
उदाहरण—Magnetic Tape (मैग्नेटिक टेप)
इस मैथ्ड को Use करने वाले डिवाइस SAD (Sequential Access Device) होते हैं।
Direct Access (डायरेक्ट एक्सेस)—इसमें डेटा को रैण्डम क्रम में पढ़ा जाता है जैसे 5वें नम्बर का पूरा डाटा पढ़ना है तो डायरेक्ट पढ़ सकते हैं, इससे डाटा को शीघ्रता से (त्वरित गति से) पढ़ सकते हैं एवं समय की बचत हो जाती है।
उदाहरण—Hard Disk, CD, DVD
इसमें प्रयुक्त डिवाइस DAD (Direct Access Device) होते हैं।

6. एक सॉफ्टवेयर जो कि रोम में स्टोर होता है, कहते हैं—
(A) हार्डवेयर (B) फर्मवेयर [Jr. Acct. TRA-2015]
(C) मॉनिटर (D) लोड़र **[B]**

व्याख्या—फर्मवेयर एक प्रकार का Software होता है जो ROM में Store होता है। ROM में BIOS Program भी Store होता है।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में 'मेमोरी' पर पूछे गये प्रश्नोत्तर

1. टर्म मेमोरी निम्न में से किसके लिए प्रयुक्त होता है?
(A) लॉजिक (B) प्रोसेस
(C) स्टोरेज (D) उपर्युक्त सभी **[C]**

2. कम्प्यूटर में .... वह इलेक्ट्रॉनिक स्थान है, जहाँ डाटा, सूचना एवं प्रोग्राम संग्रहित होते हैं।
(A) डाटा (B) मेमोरी
(C) मॉनिटर (D) मोडेम **[B]**

UNIT-'II'

[Word Processing & Presentations : Menu Bars, Managing Documents & Presentations, Text Formatting, Table Manipulations, Slide Designs, Animations, Page Layout, Printing.]

1 वर्ड प्रोसेसिंग (एम.एस. वर्ड) [Word Processing (M.S. Word)]

Jr. Acct. & TRA परीक्षा में 'वर्ड प्रोसेसिंग (एम.एस. वर्ड)' पर पूछे गये प्रश्नोत्तर

1. MS-Word के संदर्भ में समान सामग्री (कंटेंट) का एक पत्र 100 प्राप्तकर्ताओं को भेजा जाना है। यदि प्रत्येक प्राप्तकर्ता का पता पत्र में जोड़ा जाना है तो हम प्रयोग करेंगे— [Jr. Acct. TRA-2016]

(A) एम्बेडिंग (B) मेल-मर्ज
(C) लेटर कोड (D) हायपर लिंक **[B]**

व्याख्या—MS-Word एक वर्ड प्रोसेसिंग प्रकार का Application Software है। MS-Word के Mailing Tab में Mail Merge का option होता है। मेल मर्ज एम.एस. वर्ड की एक महत्वपूर्ण सुविधा है जिसके माध्यम से एक ही पत्र को अनेक व्यक्तियों को भेज सकते हैं। मेल मर्ज MS Word का ऐसा फीचर है जिसके द्वारा समान पत्र या **एक ही प्रकार की सूचना कई व्यक्तियों** या अलग-अलग (प्राप्तकर्ताओं) को भेजी जा सकती है। जैसे—नोटिस, निमंत्रण पत्र आदि।

Master Document—वह डॉक्यूमेंट जिसमें समान कन्टेट या सूचना होती है। इसे मैन डॉक्यूमेंट भी कहते हैं।
जैसे—निमन्त्रण पत्र का कॉमन भाग।

Source Document—इस डॉक्यूमेंट में सूचना या पत्र प्राप्त करने वाले व्यक्तियों का नाम और पता होता है।

2. एम.एस.वर्ड-2010 में वाटरमार्क ऑप्शन .... में मिलता है— [Jr. Acct. TRA-2016]

(A) इनसर्ट टैब → इलस्ट्रेशन ग्रुप
(B) इनसर्ट टैब → लिंक ग्रुप
(C) पेज ले-आउट टैब → पेज बैकग्राउण्ड ग्रप
(D) पेज ले-आउट टैब → थीम्स ग्रुप **[C]**

व्याख्या—आपके डॉक्यूमेंट के पेज में text या content के पीछे अर्थात् पेज के background में धुँधला एवं आभासी प्रतीत होने वाले टेक्स्ट या इमेज वाटरमार्क कहलाता है।
जैसे—Watermark के रूप में विभिन्न कोचिंग संस्थान नोटस के पूरे Page के बैक ग्राउण्ड में संस्थान या फीचर का नाम डालते हैं ताकि कोई Copy ना कर सके।
Water Mark का पाथ—
Page Layout > Page Page Background group

3. WS Word में कट, कॉपी तथा पेस्ट कमांड्स के लिए, क्रमश: निम्न शॉर्टकट कुंजियों का प्रयोग किया जाता है— [Jr. Acct. TRA-2016]

(A) Ctrl + Z, Ctrl + X, Ctrl + V
(B) Ctrl + V, Ctrl + Z, Ctrl + C
(C) Ctrl + C, Ctrl + V, Ctrl + X
(D) Ctrl + X, Ctrl + C, Ctrl + V **[D]**

व्याख्या—MS Word में प्रयुक्त Shortcut—
Ctrl + C ⇒ Selected text या Document को कॉपी करके क्लिपबोर्ड पर लाना।
Ctrl + X ⇒ Selected text या Document को कट करके क्लिपबोर्ड पर लाना।
Ctrl + V ⇒ कट या कॉपी डाटा को Paste करना।

4. एम.एस.वर्ड, एक उदाहरण है— [Jr. Acct. TRA-2016]

(A) ऑपरेटिंग सिस्टम (B) प्रोसेसिंग डिवाइस
(C) एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर (D) इनपुट डिवाइस **[C]**

व्याख्या—किसी डॉक्यूमेंट को Create करने, एडिट (Edit) करने हेतु प्रयुक्त तकनीक वर्ड प्रोसेसिंग होती है।

5. एम.एस.वर्ड में, टेक्स्ट को मध्य में अलाइन करने के लिए जो की-बोर्ड कमांड काम में आती है [Jr. Acct. TRA-2015]

(A) Ctrl+C (B) Ctrl+T
(C) Ctrl+E (D) Ctrl+Y **[C]**

व्याख्या—MS Word में पैराग्राफ को व्यवस्थित करने हेतु 4 प्रकार के टेक्स्ट अलाइनमेंट होते हैं।

Left Align — Selected Text को **बायीं ओर शिफ्ट** करता है
शॉर्टकट - **Ctrl+L**

Right Align — Selected Text को **दायीं ओर** अलाइन करता है
शॉर्टकट - **Ctrl+R**

Centre Align — Selected Text को **मध्य (केन्द्र)** में अलाइन करने हेतु
शॉर्टकट - **Ctrl+E**

Justify Align — Selected Text के **दोनों ओर समान** मार्जिन प्रदान करता है।
शॉर्टकट - **Ctrl+J**

नोट:—MS Word में **By default टेक्स्ट अलाइनमेंट Left (लेफ्ट)** होता है।

6. वर्ड व्रेप फीचर होता है [Jr. Acct. TRA-2015]

(A) जरूरत के अनुसार टेक्स्ट को अपने आप दूसरी लाइन में ले जाता है।
(B) डॉक्यूमेंट के सबसे नीचे आता है।
(C) टेक्स्ट के ऊपर लिखने को अनुमत करता है।
(D) इनमें से कोई नहीं **[A]**

व्याख्या—Word Wrap तब प्रयुक्त होता है जब आपका टेक्स्ट अपने आप एक लाइन से दूसरी लाइन अथवा एक सेल से दूसरी सेल में चला जाता है एवं आप उसे एक लाइन या एक सेल में ही रखना चाहते हैं।

UNIT-'III'

[Spread Sheets : Excel Menu Bar, Entering Data, Basic Formula & Presentations, Text Formatting, Navigating, Charts, Page Setup, Printing, Spread Sheets for Accounting]

1 स्प्रेडशीट सॉफ्टवेयर (एम.एस. एक्सेल) [Spread Sheet Software (MS-Excel)]

Jr. Acct. & TRA परीक्षा में 'स्प्रेडशीट सॉफ्टवेयर (एम.एस. एक्सेल)' पर पूछे गये प्रश्नोत्तर

1. एम.एस. एक्सेल में आप एक 'सेल' सक्रिय कर सकते हैं— [Jr. Acct. TRA-2016]

(A) टैब कुंजी दबा कर (B) सेल को क्लिक कर
(C) ऐरो कुंजी दबा कर (D) ये सभी **[D]**

व्याख्या—**MS Excel** में रॉ व कॉलम का प्रतिच्छेदन (Intersection) बिन्दु को सेल कहा जाता है। अर्थात् **Row व Column का संगम सेल** कहलाता है।

सेल (Cell) **वर्कशीट की सबसे छोटी इकाई** है जहाँ डाटा एन्टर किया जा सकता है।

सेल को **एक्सेल प्रोग्राम का मूल तत्व** (Basic Building Block) कहा जाता है, क्योंकि एक्सेल स्प्रेडशीट की सारी गणना सेल में ही की जाती है। Excel में किसी सेल को Tab Key को press करके या arrow key को या सेल पर click करके active किया जा सकता है।

2. एम.एस. एक्सेल में सेल A1 से सेल A10 का योग करने के लिए सूत्र है— [Jr. Acct. TRA-2016]

(A) = SUM(A1 : A10)
(B) #Add(A1 to A10)
(C) = SUM (A1 to A10)
(D) = SUM A1 : SUM A10 **[A]**

व्याख्या—MS Excel में formula निर्माण का प्रारूप = फार्मूला का नाम (वह डाटा जिस पर गणना करनी है)।

MS Excel में सेल A1 से सेल A10 तक का योग—

=sum(A1:A10)

Function Cell range

3. एम.एस. एक्सेल में बनाए गए चार्ट में डेटा श्रृंखलाओं अथवा श्रेणियों को दिये गये पैटर्न एवं रंगों की पहचान कराने वाला बॉक्स .... कहलाता है— [Jr. Acct. TRA-2016]

(A) लेजेंड (B) चार्ट एरिया
(C) डाटा लेबल (D) प्लोट एरिया **[A]**

व्याख्या—MS Excel में चार्ट के एलिमेन्ट Axes, Titles, Data label, Legend, trend line, data series, error bars आदि हैं।

लिजेंड (Legend)— इसके माध्यम से किसी चार्ट में प्रयुक्त रेखाओं, कॉलमों एवं रंगों का अर्थ बताया जाता है।

4. मैच्योरिटी पर ब्याज का भुगतान करने वाली सिक्युरिटी के लिए, एकड़ (उपार्जित) ब्याज लौटाने वाला MS-Excel फंक्शन है— [Jr. Acct. TRA-2016]

(A) DDB (B) ACCRINT
(C) INT_ACCRUED (D) MINTACCR **[B]**

व्याख्या—ACCRINT फंक्शन MS Excel में एक financial function है। इस फंक्शन का प्रयोग आवधिक आधार पर ब्याज की गणना करने हेतु होता है।

ACCRINT फंक्शन एक संख्यात्मक मान लौटाता है।

5. निम्न में से कौनसा डेटा टाइप एम.एस. एक्सेल में मान्य नहीं होता है? [Jr. Acct. TRA-2016]

(A) Number (B) Character
(C) Label (D) Date/Time **[B]**

व्याख्या—M.S. Excel में cells में 3 प्रकार का data होता है। Labels, values and formulas

Label→Label text के रूप में होता है - Names, Months आदि।

Value→Values generally raw number और data होती है।

Formula : एक्सेल में फॉर्मूला किसी भी calculation को perform करने हेतु instruction प्रदान करता है।

6. एक वर्कशीट में 'रो' व 'कॉलम' का इण्टरसेक्शन क्या कहलाता है? [Jr. Acct. TRA-2016]

(A) कॉलम (B) वैल्यू (C) एड्रेस (D) सेल **[D]**

व्याख्या—**MS Excel** में रॉ व कॉलम का प्रतिच्छेदन (Intersection) बिन्दु को सेल कहा जाता है। अर्थात् **Row व Column का संगम सेल** कहलाता है।

सेल (Cell) **वर्कशीट की सबसे छोटी इकाई** है जहाँ डाटा एन्टर किया जा सकता है।

सेल को **एक्सेल प्रोग्राम का मूल तत्व** (Basic Building Block) कहा जाता है, क्योंकि एक्सेल स्प्रेडशीट की सारी गणना सेल में ही की जाती है।



Fig. : Cell Name Box

UNIT-'IV'

[Working with Internet and e-mail : Web Browsing & Searching, Downloading & Uploading, Managing an E-mail Account, e-Banking]

1 वर्किंग विथ इंटरनेट एवं ई-मेल [Working with Internet and E-mails]

Jr. Acct. & TRA परीक्षा में 'वर्किंग विथ इंटरनेट एवं ई-मेल' पर पूछे गये प्रश्नोत्तर

1. वर्ल्ड वाइड वेब पेजेज के निर्माण में प्रायः निम्न में से किस भाषा का प्रयोग किया जाता है? [Jr. Acct. TRA-2016]

(A) URL (B) IRC
(C) NIH (D) HTML **[D]**

व्याख्या—किसी भी वेब पर उपलब्ध वेब संसाधनों (Web Resources) को **HTML (Hyper Test Markup Language)** में लिखा जाता है, वेब ब्राउजर जब इस कोड को पढ़ता है तब जाकर वेब में मौजूद सामग्री को यूजर देख, सुन एवं पढ़ पाता है।

वेब ब्राउजर एक प्रकार का ऐसा एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर है जो वर्ल्ड वाइड वेब पर उपलब्ध किसी भी वेबसाइट की सूचनाओं को यूजर के कम्प्यूटर पर प्रदर्शित करता है।

2. इंटरनेट है— [Jr. Acct. TRA-2016]

(A) वेबसाइट (B) होस्ट
(C) सर्वर (D) नेटवर्क ऑफ नेटवर्क्स **[D]**

व्याख्या—Internet का अर्थ Inter-networking होता है। यह आपस में जुड़े हुए अर्थात् Inter Connected Networks को दर्शाता है। Internet बहुत सारे Networks का ऐसा जाल है जो सम्पूर्ण विश्व (World) के कम्प्यूटर्स को एक-दूसरे से जोड़ता है। जब दो या दो से अधिक Computers आपस में जुड़ते हैं तो उसे network कहते हैं। इसी तरह स्कूल, कॉलेज, प्राइवेट, पब्लिक, बिजनेस, गवर्नमेन्ट जैसे कई सारे छोटे-बड़े network होते हैं। इन नेटवर्कस (Networks) को आपस में जोड़ने का कार्य इन्टरनेट करता है। इसलिए इंटरनेट **Network of Networks (नेटवर्कों का नेटवर्क)** है, जिसमें पूरी दुनिया के नेटवर्क जुड़े होते हैं।

Internet का पूरा नाम **Interconnected Network** है।

इन्टरनेट को संक्षिप्त रूप में **"the net"** कहा जाता है।

इंटरनेट एक **वैश्विक (Global)** नेटवर्क है तथा **विश्व का सबसे बड़ा** नेटवर्क है। इंटरनेट को **Information Superhighway (सूचना का सुपरहाईवे)** या **सूचना का राजपथ** कहा जाता है।

3. इंटरनेट पर प्रयोक्ता मशीन नहीं अपितु मनुष्य है, के निर्धारण हेतु चुनौती-प्रत्युत्तर परीक्षण कहलाता है— [Jr. Acct. TRA-2016]

(A) OTP (ओ.टी.पी.)
(B) Password (पासवर्ड)
(C) CAPTCHA (कैप्था)
(D) BARCODE (बारकोड) **[C]**

व्याख्या—कोई भी व्यक्ति जब Internet का use करता है तो system यह निर्धारित करता है कि user मनुष्य है, एक मशीन नहीं। इस हेतु एक captcha code show होता है जिसमें अंक, letters एवं विभिन्न प्रकार के sound आदि होते हैं।

4. HTTP का तात्पर्य है— [Jr. Acct. TRA-2016]

(A) हायपर टेक्स्ट ट्रांसफर प्रोटोकॉल
(B) हायपर टूल ट्रांसफर प्रोसेस
(C) हायपर टेक्स्ट ट्रांसफर प्रोसेस
(D) हाई टेक्स्ट ट्रांसफर प्रोटोकॉल **[A]**

व्याख्या—**HTTP** का पूरा नाम **Hyper Text Transfer Protocol** होता है। यह प्रोटोकॉल Client व Server के मध्य कनेक्शन स्थापित कर वर्ल्ड वाइड वेब पर स्थित किसी भी **वेबसाइट** के डॉक्यूमेंट को Exchange करता है। HTTP का उपयोग वर्ल्ड वाइड वेब पर जाने हेतु किया जाता है अर्थात् कम्प्यूटर सिस्टम में वेब ब्राउजर पर सभी वेबसाइट को एक्सेस करने हेतु HTTP का प्रयोग होता है।

5. निम्न में से कौनसा एक वेब ब्राउजर नहीं है? [Jr. Acct. TRA-2016]

(A) इंटरनेट एक्सप्लोरर (B) मोजिला फायरफॉक्स
(C) गूगल क्रोम (D) वर्ल्ड वाइड वेब **[D]**

व्याख्या—इंटरनेट में विभिन्न प्रकार की जानकारी या कन्टेन्ट पर वेब ब्राउजर की मदद से पहुँचा जाता है। ये ब्राउजर जो अधिकांशतः काम में लिए जाते हैं निम्नलिखित हैं—Internet Explorer (इंटरनेट एक्सप्लोरर), Netscape navigator (नेटस्केप नेविगेटर), Google Chrome (गूगल क्रोम), Mozilla Firefox (मॉजिला फायरफॉक्स), Safari (सफारी), Opera (ओपेरा), Microsoft Edge (माइक्रोसॉफ्ट एज) आदि।

6. ई-बैंकिंग के संदर्भ में OTP का तात्पर्य है— [Jr. Acct. TRA-2016]

(A) वंस थ्रू पासवर्ड
(B) वन टाइम पासवर्ड
(C) ऑनली टेस्टिंग प्रोटोकॉल
(D) वन टाइम प्रोटोकॉल **[B]**

व्याख्या—E-Banking का पूर्ण रूप Electronic Banking होता है। ई-बैंकिंग इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वित्तीय लेन-देन हेतु प्रयुक्त होता है। E-Banking में user के authentification हेतु OTP का use होता है। OTP यह निर्धारित करता है कि user real है। OTP का पूर्ण रूप **One time password** होता है।

7. निम्न में से कौन सा ई-मेल का स्पेशल प्रोटोकॉल है— [Jr. Acct. TRA-2015]

(A) SMTP (B) FTP
(C) TCP/IP (D) HTTP **[A]**

M-1

कनिष्ठ लेखाकार भर्ती परीक्षा

[Junior Accountant : Basics of Computer]

मॉडल पेपर-1

1. इलेक्ट्रॉनिक कम्प्यूटर दुनिया का प्रथम कम्प्यूटर जिसमें डाटा संग्रहण (डाटा स्टोरेज) उपलब्ध था—
(A) ENIAC (B) EDSAC (C) UNIVAC (D) ENSAC

2. कम्प्यूटर जगत में QWERTY (क्वेरटी) किसका प्रकार है?
(A) मदरबोर्ड (B) नेटवर्क (C) की-बोर्ड (D) मेमोरी कार्ड

3. बड़ी मात्रा में प्राप्त चेकों के प्रबन्धन के लिए बैंकिंग उद्योग द्वारा निम्न में से किसका उपयोग किया जाता है—
(A) डिजिटाईजर (B) MICR
(C) बारकोड रीडर (D) कैप्चा

4. लिनक्स किस प्रकार का .... ऑपरेटिंग सिस्टम हैं।
(A) मल्टीयूजर और मल्टी-टास्किंग
(B) सिंगल यूजर और मल्टी टास्किंग
(C) एंटीवायरस प्रोग्राम और सिंगल यूजर
(D) सिंगल यूजर और सिंगल टास्किंग

5. किस की (Key) का उपयोग करके फाइल या फोल्डर को स्थायी रूप से हटा सकते हैं जिसके बाद वह फाइल रिसाइकल बिन में उपलब्ध नहीं रहेगी—
(A) Shift + Del (B) Ctrl + Del
(C) Shift + Cell (D) Ctrl + Delete

6. बाइट्स में 2 MB कैश मेमोरी, निम्नलिखित में से किसके समतुल्य है—
(A) 2 * 1024 * 1024 Bytes (B) 2 * 1024 Bytes
(C) 2 * 1022 * 1022 Bytes (D) 2 * 1022 Bytes

7. गतिक RAM में भंडारित सूचनाओं को ______ करना जरूरी है।
(A) जाँचना (B) आपरिवर्तन
(C) नियमित रिफ्रेश (D) इनमें से कोई नहीं

8. माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस एक (MS-Office)......................... है।
(A) ऑपरेटिंग सिस्टम (Operating System)
(B) सिस्टम सॉफ्टवेयर (System Software)
(C) एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर(Application Software)
(D) उपरोक्त सभी (All of Above)

9. कॉपी या कट किए हुए टेक्स्ट को पेस्ट करने की कौनसी शॉर्टकट कुंजी प्रयुक्त होती है?
(A) Ctrl + V (B) Ctrl + P
(C) Alt + V (D) Alt + P

10. माइक्रोसॉफ्ट वर्ड में किसी चयनित टेक्स्ट के परिवर्तन के लिए (अपर से लोअर और लोअर से अपर केस में) कौनसी कीज (keys) को एक साथ दबाना होता है?
(A) SHIFT + C (B) SHIFT + F3
(C) CTRL + F3 (D) SHIFT + c

11. एम.एस.-वर्ड में Gutter किससे संबंधित है?
(A) ऑरिएन्टेशन (B) पेज साइज (C) मार्जिन्स (D) इक्वेशन

12. किसी भी सूचना या आँकड़ों को सरलता से पठनीय बनाने हेतु .... का उपयोग कर रॉ एवं कॉलम में व्यवस्थित किया जाता है।
(A) शीट (B) पैराग्राफ (C) बॉक्स (D) डॉक्यूमेंट

13. एम.एस.एक्सेल 2019 में वर्तमान में चुनी हुई सेल का पता दर्शाया जाता है—
(A) नेम बॉक्स में (B) फॉर्मूला बार में
(C) स्टेटस बार में (D) टाइटल बार में

14. एक पृथक शीट में स्थित सेल से डाटा या आँकडो को प्राप्त करना ....कहलाता है।
(A) एक्सेसिंग (B) अपडेटिंग (C) रेफरेंसिंग (D) फंक्शनिंग

15. एक सेल में प्रविष्ठ डाटा की फॉर्मेटिंग अन्य सेल पर अप्लाई करने हेतु प्रयुक्त विकल्प है—
(A) Copy Format (B) Paste Formate
(C) Format Painter (D) None of these

16. निम्नलिखित में से कौन-सा फार्मूला (सूत्र) सही रूप में प्रविष्ठित है?
(A) =SUM(d1+d2+D3) (B) SUM[d1+d2]
(C) =add(d1:d2) (D) =SUM(d1:d10)

17. ....का उपयोग कम्प्यूटर पर स्लाइड शो बनाने के लिए किया जाता है।
(A) Slide maker Tools (B) Program
(C) Super slide package (D) Presentation Program

18. MS Power Point को Run Dialog Box से Open करने के लिए प्रयुक्त कमाण्ड है?
(A) Powerpnt (B) Pwrpoint
(C) PowerPoint (D) Powerprint

19. एम.एस.-पावर प्वॉइंट में हम .... कुंजी के प्रयोग से स्लाइड-शो शुरुआत से चला सकते हैं तथा .... कुंजी के प्रयोग से वर्तमान स्लाइड से।
(A) F5, F7 (B) F6, F8
(C) F7, Shift + F7 (D) F5, Shift + F5

20. दो या दो से अधिक कम्प्यूटर को किसी डिवाइस के माध्यम से आपस में जोड़कर डाटा संघटन करने की प्रक्रिया कहलाती हैं—
(A) Transfer (B) Protocol
(C) HTTP (D) Network

21. मल्टीपॉइन्ट टॉपोलोजी है—
(A) स्टार (B) बस (C) रिंग (D) मेश

22. इंटरनेट पर किसी विशेष विषय पर चर्चा करने को क्या कहा जाता है?
(A) वैरोनिका (B) न्यूज ग्रुप (C) न्यूज (D) टेलनेट

23. वेब पृष्ठों को इंटरनेट से जोड़ने या (display) कराने के लिए किसकी आवश्यकता होती है?
(A) इंटरनेट कनेक्शन (B) एक वेब ब्राउजर
(C) एक वेब सर्वर (D) उपर्युक्त सभी

24. एक वैध वेब एड्रेस (Valid Web Address) निम्नलिखित में से कौनसा है?
(A) www.dakshpublication. com
(B) www.dakshpublication–com